http://www.cgboardonline.com

कुल प्रश्नों की संख्या : 18 ] [ कुल मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 7

# J-201001–C

## विषय : हिन्दी ( विशिष्ट )

समय : 3 घण्टे ] [ पूर्णांक : 75

*निर्देश* : (*i*) सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है।

(*ii*) प्रश्न क्रमांक 1 वस्तुनिष्ठ प्रश्न है, जिसके खण्ड (अ) में बहुविकल्पीय प्रश्न, खण्ड (ब) में उचित संबंध संबंधी प्रश्न एवं खण्ड (स) में रिक्त स्थानों की पूर्ति संबंधी प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 1 अंक निर्धारित है।

(*iii*) प्रश्न क्रमांक 2 से 6 तक अतिलघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक उत्तर की शब्द–सीमा *30* शब्द है। प्रत्येक प्रश्न पर 2 अंक निर्धारित हैं।

(*iv*) प्रश्न क्रमांक 7 से 10 तक अतिलघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक उत्तर लगभग *50* शब्दों में लिखिए। प्रत्येक प्रश्न पर 3 अंक निर्धारित हैं।

(*v*) प्रश्न क्रमांक 11 से 15 तक लघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक उत्तर लगभग *75* शब्दों में लिखिए। प्रत्येक प्रश्न पर 4 अंक निर्धारित हैं।

(*vi*) प्रश्न क्रमांक 16 एवं 17 अपठित गद्यांश एवं पत्र–लेखन प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 5 अंक निर्धारित हैं।

(*vii*) प्रश्न क्रमांक 18 दीर्घउत्तरीय प्रश्न (निबंध) है। इसका उत्तर लगभग *250* से *300* शब्दों में लिखिए। इस प्रश्न पर 8 अंक निर्धारित है।



http://www.cgboardonline.com
http://www.cgboardonline.com
http://www.cgboardonline.com

http://www.cgboardonline.com



प्रश्न-1 ( खण्ड-अ ) सही विकल्प चुनकर लिखिए : [1×5=5]

(*i*) 'गवाक्ष' शब्द का अर्थ है :

(अ) घोंसला

(ब) आलमारी

(स) खिड़की

(द) दरवाजा

(*ii*) "सरिता के नीरव प्रवाह-सा बढ़ता हो अपना जीवन"—काव्य-पंक्ति है :

(अ) साध

(ब) गृह-प्रवेश

(स) जीवन का झरना

(द) जनतंत्र का जन्म

(*iii*) मधुलिका पुत्री थी :

(अ) अरुण की

(ब) सिंहमित्र की

(स) कोशल नरेश की

(द) मगध नरेश की

(*iv*) माटीवाली किस शहर में रहती थी ?

(अ) नैनीताल

(ब) चमोली

(स) टिहरी

(द) हरिद्वार

http://www.cgboardonline.com

http://www.cgboardonline.com

http://www.cgboardonline.com

http://www.cgboardonline.com


(*v*) दादू दयाल किस काल के कवि हैं ?

(अ) भक्तिकाल

(ब) वीरगाथा काल

(स) रीतिकाल

(द) आधुनिक काल

प्रश्न-1 (खण्ड-ब) उचित संबंध जोड़िए : [1×5=5]

| | (क) | | (ख) |
|---|---|---|---|
| (*i*) | डिटेक्टरी | – | एक पेड़ |
| (*ii*) | रौंवा | – | डॉ. परदेशीराम वर्मा |
| (*iii*) | रानी नागफनी की कहानी | – | हिटलर |
| (*iv*) | आवा | – | सतीश जायसवाल |
| (*v*) | गृह-प्रवेश | – | हरिशंकर परसाई |

http://www.cgboardonline.com
http://www.cgboardonline.com

प्रश्न-1 (खण्ड-स) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए : [1×5=5]

(*i*) झाडूराम देवांगन —— के शीर्षस्थ कलाकार थे।

(*ii*) सोन के उद्‌गम को —— कहते हैं।

(*iii*) ''चंदा अस मन सुरुज कस तन'' में —— अलंकार है।

(*iv*) गरीब आदमी का —— नहीं उजड़ना चाहिए।

(*v*) यह जीवन क्या है ? —— है मस्ती ही इसका पानी है।

प्रश्न-2 लड़की को दान देते वक्त माँ को अंतिम पूँजी देने जैसा दु:ख क्यों हो रहा है ? [2]


http://www.cgboardonline.com

http://www.cgboardonline.com


प्रश्न-3 निम्नलिखित श्रुति समभिन्नार्थक शब्दों के अर्थ लिखिए : [½+½+½+½=2]

(अ) अंश व अंस

(ब) अभिराम व अविराम

प्रश्न-4 जगत का सबसे विराट जनतंत्र किसे कहा गया है ? [2]

प्रश्न-5 सूनापन दूर करने के लिए कवि कौन-कौन से उपाय करता है ? [2]

प्रश्न-6 रीतिमुक्त काव्यधारा के किन्हीं दो कवियों के नाम लिखिए। [2]

प्रश्न-7 कोशल प्रदेश में आयोजित होने वाले उत्सव के परंपरागत नियम क्या थे ? [3]

प्रश्न-8 तुरतुरिया नामक स्थान क्यों प्रसिद्ध है ? [3]

प्रश्न-9 गार्टस्बी को कैसे विश्वास हुआ कि युवक सच बोल रहा है ? [3]

प्रश्न-10 प्रयोगवाद की कोई तीन विशेषताएँ लिखिए। [3]

प्रश्न-11 मीरा को जो अमोलक वस्तु मिली है, उसके बारे में वे क्या-क्या बता रही हैं ? अपने शब्दों में लिखिए। [4]

*अथवा*

लेखक बनने के लिए शरत बाबू के क्या-क्या सुझाव थे ?

प्रश्न-12 कवि ने जीवन की समानता, झरने से किन-किन रूपों में की है ? अपने शब्दों में लिखिए। [4]

*अथवा*

दृढ़ता और जड़ता में फर्क को पाठ में किस प्रकार बताया गया है ? उदाहरण के साथ स्पष्ट कीजिए।

http://www.cgboardonline.com
http://www.cgboardonline.com
http://www.cgboardonline.com

http://www.cgboardonline.com



प्रश्न-13 निम्नलिखित पद्यांश का भावार्थ लिखिए : [4]

मैं यहाँ स्वच्छन्द हूँ,
जाना नहीं है।
चित्रकूट की अनगढ़ चौड़ी
कम ऊँची-ऊँची पहाड़ियाँ
दूर दिशाओं तक फैली हैं।
बाँझ भूमि पर
इधर-उधर रींवा के पेड़
काँटेदार कुरूप खड़े हैं।

*अथवा*

अमल धवलगिरि के शिखरों पर
बादल को घिरते देखा है।
छोटे-छोटे मोती जैसे
उसके शीतल तुहिन कणों को
मानसरोवर के उन स्वर्णिम
कमलों पर गिरते देखा है
बादल को घिरते देखा है।

प्रश्न-14 सिकुमार की माँ क्या कहते-कहते रो पड़ी? [4]

*अथवा*

"सुसकत आवत होही भइया मोर"—पंक्ति के अनुसार दुल्हन की मनोदशा का वर्णन कीजिए। http://www.cgboardonline.com



http://www.cgboardonline.com

http://www.cgboardonline.com

http://www.cgboardonline.com

http://www.cgboardonline.com


प्रश्न-15 "दुनियाँ में क्या नहीं ? कौन-सी चीज मैंने अपने हाथों पैदा नहीं की ?" इस कथन को ध्यान में रखकर मजदूरों के द्वारा किए गए निर्माण कार्यों को अपने शब्दों में लिखिए। [4]

*अथवा*

बीमारी शब्द को लेखक ने किन-किन संदर्भों में प्रयोग किया है ? टैक्स को बीमारी के रूप में देखने का क्या आशय है ?

प्रश्न-16 मुख्यमंत्री कन्यादान योजना का लाभ उठाने हेतु मुख्यमंत्री कार्यालय को आवेदन-पत्र लिखिए। [1+3+1=5]

*अथवा*

अपनी बड़ी बहन के विवाह की तैयारियाँ संबंधी जानकारी देते हुए अपनी सहेली / दोस्त को पत्र लिखिए।

प्रश्न-17 निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों में से किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर लिखिए : [1×5=5]

जीवन में समय का नियोजन ही सफलता की कुंजी है। समय का चक्र अपनी गति से चल रहा है या यूँ कहें कि भाग रहा है। अक्सर इधर-उधर, कहीं-न-कहीं से यह सुनने को मिलता है कि क्या करें, समय ही नहीं मिलता। वास्तव में, हम निरंतर गतिमान समय के साथ कदम से कदम मिलाकर चल ही नहीं पाते और पिछड़ जाते हैं। चाणक्य ने कहा है—"जो व्यक्ति जीवन में समय का ध्यान नहीं रखता, उसके हाथ असफलता और पछतावा ही लगता है।" कबीरदास जी ने भी 'काल करै सो आज कर, आज करै सो अब' कहकर काम को कल पर नहीं टालने की सीख दी है। समय जैसे बहुमूल्य धन को सोने-चाँदी की तरह संरक्षित नहीं रखा जा सकता क्योंकि समय तो गतिमान है। इस पर हमारा अधिकार तभी तक है, जब तक हम इसका सदुपयोग करें अन्यथा यह नष्ट हो जाता है।

*प्रश्न :*

(*i*) व्यक्ति जीवन की दौड़ में कब पिछड़ जाता है ?

(*ii*) चाणक्य के अनुसार, समय का ध्यान न रखने वाले व्यक्ति को जीवन में क्या मिलता है ?


http://www.cgboardonline.com
http://www.cgboardonline.com
http://www.cgboardonline.com

http://www.cgboardonline.com



(*iii*) जीवन में सफलता की कुंजी किसे बताया गया है और क्यों ?

(*iv*) समय जैसे बहुमूल्य धन को सोने-चाँदी के समान क्यों नहीं रखा जा सकता ?

(*v*) कबीरदास जी की सीख यदि न मानी जाए तो उसका क्या परिणाम होगा ?

(*vi*) गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।

प्रश्न-18 निम्नलिखित विषयों में से **किसी एक** विषय पर लगभग *250-300* शब्दों में निबंध लिखिए : [1+1+4+2=8]

(*i*) छत्तीसगढ़ के चार चिन्हारी : नरवा, गरुवा, घुरुवा, बारी

(*ii*) मोबाइल फोन : लाभ-हानि

(*iii*) युवाओं में बढ़ती हिंसा वृत्ति

(*iv*) स्वच्छ भारत—स्वस्थ भारत

**(*v*)** योग का महत्व

(*vi*) प्लास्टिक-मुक्त भारत

———

http://www.cgboardonline.com
http://www.cgboardonline.com
http://www.cgboardonline.com

**http://www.cgboardonline.com**
**Whatsapp @ 9300930012**
**Send your old paper & get 10/-**
**अपने पुराने पेपर्स भेजे और 10 रुपये पायें,**
**Paytm or Google Pay से**

http://www.cgboardonline.com